म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क (पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं- : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

ESB
M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल

परीक्षा–परिणाम

प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT)–2026

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 08.06.2026

परीक्षा परिणाम तिथि : 18th June 26

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

18/6/26

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT)–2026 परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 08.05.2026 को आयोजित मध्यप्रदेश के 11 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन में प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT)–2026 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालयों में बी.एससी.(आनर्स)(कृषि), बी.एससी.(आनर्स)(उद्यानिकी), बी.एससी.(आनर्स)(वानिकी) एवं बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा।
2. इस परीक्षा के लिए 16725 आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से 12550 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। एवं 4175 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।
3. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
4. दिए गए प्रावधान अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस.) एकीकृत प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की गई है। परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमानुसार निर्धारित की गई है।
5. दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय /काउंसलिंग समिति द्वाराकिया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।
6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।
7. नियमपुस्तिका अनुसार "अंतिम उत्तर" तथा "परीक्षा परिणाम" कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर प्रदर्शित किए जायेगें। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम आवेदन क्रमांक का उपयोग कर डाउनलोड/मुद्रित कर सकेंगे।
8. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल
दिनांक : 18th June 2026

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल